आवाज धनबाद, मंगलवार, 30 अक्टूबर 2012

(16)

बीसीसीएल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह शुरू

■ कोयला भवन में भव्य समारोह आयोजित ■ सीएमडी टी.के. लाहिड़ी ने दिलाई शपथ

धनबाद, 29 अक्टूबर (का.सं..)। केन्द्रीय सतर्कता आयोग के निर्देशानुसार भारत कोकिंग कोल लिमिटेड बीसीसीएल में 29 अक्टूबर से 03 नवम्बर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। सतर्कता जागरूकता सप्ताह की शुरूआत आज कोयला भवन मुख्यालय में शपथ-ग्रहण समारोह से हुई। कोयला भवन के तृतीय तल के सभागार में आयोजित एक भव्य समारोह में अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक टी.के. लाहिड़ी ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शपथ दिलाया। शंपथ ग्रहण समारोह में निदेशक (कार्मिक) पी.ई. कच्छप, निदेशक (योजना एवं परियोजना) अशोक सरकार तथा मुख्य सतर्कता अधिकारी पी.के.सिन्हा उपस्थित थे। कोयला भवन मुख्यालय के साथ ही साथ सभी क्षेत्रों में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया।

बीसीसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक टी.के. लाहिड़ी ने अपने संबोधन में यह बताया कि कंपनी ने विगत तीन-चार वर्षो में काफी तरक्की की है। इसके फलस्वरूप भारत कोकिंग कोल लिमिटेड बी.एफ.आई.आर. से बाहर आया है। सतर्कता जागरूकता सप्ताह वर्ष में एक सप्ताह के लिए मनाया जाता है जो पूरे वर्ष का 2 प्रतिशत ही है। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान किये जा रहे प्रयासों/प्रतिबद्धताओं एवं कार्यक्रम का असर पूरे वर्ष होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी व्यक्ति को अपने आप में सुधार करना चाहिए एवं सतर्कता जागरूकता आपके अंतरमन में होनी चाहिए न कि किसी विभाग द्वारा थोपा जाना चाहिए। अगर व्यक्ति अपने आप में सुधार लाता है तो उससे न केवल कंपनी का भला होगा बल्कि अपने आपका भला होगा, परिवार का भला होगा, समाज का भला होगा। उन्होंने कहा कि भारत कोकिंग काल लिमिटेड में भ्रष्टाचार से संबंधित निश्चित मामलों को कड़ाई से निपटाया जायेगा। लेकिन किसी निर्णय को अच्छी मंशा से लिया गया तो वह गलत होने पर भी उसका ध्यान रखा जायेगा। इसलिए उन्होंने कहा कि निर्णय लेते समय सारी बातों को संचिका में लिखें किस परिस्थिति एवं किस उद्देश्य से निर्णय लिया जा रहा है, ताकि उसे भविष्य में औचित्य सिद्ध करने में दिक्कत न हों और इससे पारदर्शित भी आयेगी। उन्होंने कहा कि अधिकारी पारदर्शित को ध्यान में रखते हुए होकर काम करें और कंपनी को आगे ले जाने में सहयोग दें।

कोयला भवन समारोह में अपने सम्बोधन में पी.के.सिन्हा मुख्य सतर्कता अधिकारी भारत कोकिंग कोल लिमिटेड ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह के आरंभ के बारे में बताते हुए कहा कि सतर्कता जागरूकता कंपनी के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों एवं संबंधित लोगों के बीच भ्रष्टाचार के कुप्रभाओं के बारे में जागरूकता लाने का अवसर प्रदान करता है और साथ ही इस दिशा में किए गए कार्यक्रमों का मूल्यांकन एवं आगे के कार्यक्रमों के विषय में सोचने का अवसर प्रदान करता है। केन्द्रीय सतर्कता आयोग ने इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह का विषय लोक प्रापण में पारदर्शिता रखा है विकासशील अर्थव्यवस्था में इसका बहुत ही महत्वपूर्ण स्थाल है। हमारे विकास लक्ष्यों की प्राप्ति काफी हद तक लोक प्रापण के कुशलता पर निर्भर करता है। लोग प्रापण में भ्रष्टाचार का खतरा विभिन्न कारणों पर निर्भर करता है जिसे लागत, तकनीकी क्षमता, गुणवत्ता, समय आदि। एक अच्छे प्रापण प्रणाली में इन बातों का प्रावधान होना आवश्यक है कि उसमें न केवल प्रापण प्रक्रिया में शामिल अधिकारियों को प्रापण से संबंधित मूल सिद्धांत एवं आवश्यक बाते ज्ञात हो। प्रापण से संबंधित नीति काफी सुदृढ़ होना चाहिए एवं प्रापण प्रक्रिया इस तरह का हो कि भ्रष्टाचार का कम से कम गुंजाईश हो। उनहोंने विगत एक वर्षो में सतर्कता विभाग द्वारा किये गये कार्यो पर प्रकाश डाला और बताया कि सतर्कता विभाग द्वारा सिस्टम में सुधार के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किये गये हैं। अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जागरूक तथा अपडेट करने के लिए कई सेमीनार एवं वर्कशाप आयोजित किया गया। कंपनी के कार्यकलाप के हर क्षेत्र जैसे असैनिक सामग्री प्रबंधन, वित्त, विक्रय एवं विपणण, कार्मिक में काफी हद तक पारदर्शिता आई है। उन्होंने बताया कि सतर्कता जागरूकता सप्ताह के उपलक्ष्य में इस वर्ष भी कंपेडियम का नवीन संस्करण एवं चेतना का अगला अंक प्रकाशित किया जा रहा है।

निदेशक(तकनीकी) योजना एवं परियोजना भी अशोक सरकार ने अपने संबोधन में कहा. कि भ्रष्टचार का उन्मूलन एवं पारदर्शित आज के समय का सबसे बड़ी मॉग है। गुड गवर्नेश बहुत ही आवश्यक है। भारत कोकिंग कोल लिमिटेड में अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक महोदय के निर्देशानुसार एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी के सलाह से सिस्टम में सुधार अधिक से अधिक कम्प्यूटराजेशन का कार्य हुआ है और इस मामले पर सतत प्रयास जारी है। उन्होने सभी अधिकारियों एवं कर्मिचारियों से आह्वान किया कि वे सतर्क होकर कार्य करें तथा कम्प्यूटर का अधिक से अधिक ज्ञान प्राप्त करें और उसका उपयोग करें एवं अपने सभी कार्यो में पारदर्शिता बरते।

निदेशक (कार्मिक) श्री पी.ई. कच्छप ने अपने संबोधन में कहा कि सतर्कता जागरूकता समाह को एक वार्षिक रस्म नहीं समझा जाना चाहिए। सतर्कता जागरूकता समाह हमें भ्रष्टाचार को मिटाने की प्रतिवद्धता को पुना: अभिपुष्ट करने का अवसर प्रदान करता है। साफ सुथरा एवं गुड गवर्नेश के लिए ईमानदारी, पारदर्शिता, उत्तरदायित्व, जबाबदेही आदि आवश्यक है। एक सामान्य कहावन है - कि परहेज दवा से बेहतर है इसलिए हमलोगों को प्रापण प्रणाली इस तरह बनाना चाहिए कि उसमें भ्रष्टाचार की गुंजाईश न हो। भारत कोकिंग कोल लिमिटेड में सतर्कता विभाग इस दिशा में महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है सतर्कता विभाग के सलाह पर बहुत सारे दिशा निदेश जारी किये गये है। कम्प्यूटरीकरण का विस्तार हुआ है तथा कई सेमीनार एवं वर्कशॉप आयेजित किये गये है।समारोह का संचालन डा0 स्मिता श्रीवास्तव, भारत कोकिंग कोल लिमिटेड ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन श्री डी.के. चन्द्राकर, महाप्रबंधक (सतर्कता) द्वारा किया गया।

प्रभात खबर

समाचार सार
PRESS CLIPPINGS

धनबाद, मंगलवार,
30 अक्तूबर, 2012

पृष्ठ संख्या
PAGE NO. 10

भ्रष्टाचार पर करें प्रहार : सीबीआइ

- एजेंसी ने की संवेदनशील स्थानों पर पोस्टरिंग
- सतर्कता जागरूकता सप्ताह शुरू

वरीय संवाददाता ■ धनबाद

भ्रष्टाचारियों पर नकेल कसने के लिए जिले की दो प्रमुख खुफिया एजेंसियों सीबीआइ व विजिलेंस की ओर से सोमवार को सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुये एसपी सीबीआइ पीके माजी ने आम जनता से आह्वान किया कि वे किसी भी कार्य के लिए किसी को रिश्वत नहीं दें. जनता के जागरूक होने से ही भ्रष्टाचार पर प्रहार कर उसका पूरी तरह से खात्मा किया जा सकता है. सीबीआइ एसपी ने बताया कि पूरे सप्ताह के दौरान सीबीआइ विभिन इलाकों में बैनर पोस्टर लगाकर जनता को जागरूक करेगी. कई जगहों पर जनता से सीधे संवाद स्थापित कर उन्हें सीबीआइ के तौर तरीकों की जानकारी दी जायेगी. सिनेमा स्लाइड व मोबाइल एसएमएस के जरिये भी लोगों को जागरूक किया जायेगा. उन्होंने आम लोगों से अपील की कि केंद्रीय संस्थानों जैसे बैंक, रेलवे, बीसीसीएल की विभिन्न कोलियरियों, क्षेत्रीय कार्यालयों, डिस्पेंसरियों, अस्पतालों, मुख्यालय कोयला भवन, सीएमपीएफ, डीजीएमएस, सीएमआरआइ,इनकम टैक्स, बीएसएनएल, डाकघर, बीमा निगम कार्यालय, केंद्रीय श्रम भवन, आइएसएम आदि में व्याप्त भ्रष्टाचार अथवा रिश्वतखोरी की जानकारी मिलती हो तो इसकी जानकारी सीबीआइ के साथ साझा करें. सीबीआइ उनके नाम व पते पूरी तरह से गोपनीय रखेगी. उन्होंने लोगों से अपील

बीसीसीएल में सतर्कता जागरूकता समारोह में उपस्थित अधिकारी. फोटो । प्रभात खबर

भ्रष्टाचार के प्रति जागरूकता जरूरी : सीवीओ

धनबाद ■ बीसीसीएल मुख्यालय सहित सभी क्षेत्रीय कार्यालयों में भी सोमवार से सप्ताह व्यापी सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ कोयला भवन मुख्यालय में कार्यक्रम आयोजित कर किया गया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुये मुख्य सतर्कता पदाधिकारी पीके सिन्हा ने कंपनी अधिकारियों से कर्मियों से सतर्कता के प्रति जागरूक होने का आहवान किया.

कहा कि यह कार्यक्रम भ्रष्टाचार के कुप्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक करने का काम करता है. उन्होंने कहा कि विजिलेंस विभाग ने सभी विभागों के कार्यप्रणाली में पारदर्शिता लाने के लिए समय-समय पर कई कार्यक्रम आयोजित किये हैं. इसका असर भी देखने को मिल रहा है. कार्य में काफी हद तक पारदर्शिता आयी है. कंपनी के सीएमडी टीके लाहिड़ी ने कहा कि इस कार्यक्रम का असर पूरे साल देखने को मिलना चाहिये. सभी व्यक्ति चाहे वह जिस पद पर भी हो अपने में सुधार लाये. व्यक्ति यदि अपने आप में सुधार लायेगा तो कंपनी का भला ही होगा. उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचारियों से कंपनी सख्ती के साथ निबटेगी. कार्यक्रम को संबोधित करते हुये निदेशक, तकनीकी योजना व परियोजना ए सरकार ने कहा कि भ्रष्टाचार, उन्मूलन, सत्यनिष्ठा व पारदर्शिता समय की मांग है. सिस्टम में सुधार के लिए कई कार्य किये गये हैं, कंप्यूटरीकरण किया जा रहा है. निदेशक कार्मिक पी कच्छप ने लोगों से अपील की कि वे इस सप्ताह को सिर्फ रस्म अदायती के लिए आयोजित नहीं करें. कार्यप्रधाली में भी पारदर्शिता लायें. संचालन डॉ स्मिता श्रीवास्तव ने किया. धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक विजिलेंस डीके चंद्राकर ने किया.

यहां दें भ्रष्टाचार की सूचना

मुख्य सतर्कता अधिकारी
बीसीसीएल, कोयला भवन, लेवल पांच
धनबाद. फैक्स नंबर : 0326-2230173, डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू सीवीसी.एनआइसी.इन.

यहां दें भ्रष्टाचार की सूचना

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, सीबीआइ, एसीबी, कार्मिक भवन
कार्मिक नगर, धनबाद, मोबाइल : 9472766618, 0326-2204455,2203106
डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू.सीबीआइ.जीओएमी.इन

कि राज्य सरकार के कार्यालयों यथा डीसी ऑफिस, सिविल सर्जन आफिस, प्रखंड व अंचल कार्यालयों में भ्रष्टाचार की शिकायत सीबीआइ के पास नहीं करें. ऐसी कई शिकायतें एजेंसी को प्राप्त होती है, जिसपर कार्य करना संभव नहीं है.राज्य सरकार के कार्यालय स्टेट विजिलेंस जिसका कार्यालय रांची में है किया जा सकता है.

भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ने का संकल्प

कतरास ■ गोविंदपुर क्षेत्रीय कार्यालय में सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया. कार्यक्रम सात दिनों तक चलेगा. इस दौरान हर कोलियरी कार्यालय में भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ने का संकल्प लिया जायेगा. क्षेत्रीय कार्यालय में जीएम एसके मुखोपाध्याय ने रिश्वतखोरी पर रोक लगाने का संकल्प दोहराया. वहीं कतरास व सिजुआ क्षेत्रीय कार्यालय में जीएम सुबीर दास, केडी प्रसाद, पीके सहाय, आरके राय, पीके चटर्जी, एमके महतो व सिजुआ क्षेत्र में जीएम बीसी मांजी, पीके महापात्रा, एनएन सिंह, परशुराम, एएन सेन, एचके चौधरी, अनूप कुमार सिन्हा, शेखर चौहान, मो सनवर, एनके सिंह आदि मौजूद थे. **झरिया** ■ कुरतौर क्षेत्र की शिमला बहाल कोलियरी में जागरूकता दिवस मनाया गया. **पाथरडीह** ■ सेल चासनाला कोलियरी के वीटीसी प्रांगण में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ जीएम जेके भौमिक ने किया. मौके पर एमएस प्रसाद, रजत दास गुप्ता, संजय कुमार, दीपक कुमार, एनके तिवारी, विद्या भूषण पांडेय, बादल मंडल, पी चौधरी मौजूद थे.

समाचार सार
PRESS CLIPPINGS
आज
रांची, ३१ अक्तूबर २०१२ ११
पृष्ठ संख्या
PAGE NO.

भ्रष्टाचार के खिलाफ हों जागरूक: कच्छप

- भ्रष्टाचार समाप्ति के लिए पारदर्शिता जरूरी: सिन्हा
- ब्लॉक दो में सतर्कता जागरूकता पर लगी कार्यशाला

धुनबाद/हरिणा। बीसीसीएल में कल से शुरू हुए सतर्कता जागरूकता अभियान की कड़ी में आज ब्लॉक टू क्षेत्र के हरिणा गेस्ट हाउस में कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन निदेशक कार्मिक पीई कच्छप ने दीप प्रज्वलित कर किया। महाप्रबंधक सोमेन चटर्जी ने अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान मुख्य सतर्कता पदाधिकारी पीके सिन्हा, सीबीआई एसपी पीके मांझी, ब्लॉक दो के महाप्रबंधक सतर्कता डीके चन्द्राकर सहित अनेक अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। अपनी संबोधन में निदेश कार्मिक श्री कच्छप ने कहा कि सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाने का

दीप प्रज्वलित करते सीबीआई एसपी साथ में डीपी व सीवीओ।

उद्देश्य भ्रष्टाचार को समाप्त करने की प्रतिबद्धता दुहराना है। हमें भ्रष्टाचार के विरूद्ध लड़ाई जारी रखते हुए जागरूक होने का प्रयास करना चाहिए। जानबूझ कर गलतियां नहीं करें तथा अनजाने में होने वाली गलतियों को कम से कम करें। मुख्य सतर्कता अधिकारी पीके सिन्हा ने कहा कि पूर्व में सतर्कता दंडात्मक था, पर बाद में निवारक सतर्कता पर जोर दिया जाने लगा। इस वर्ष विषय प्रापण में पारदर्शिता रखा गया है। प्रपण प्रणाली से संबंधित संसद में बिल भी लाया गया है। बीसीसीएल में सदा ही निवारक सतर्कता पर बल दिया गया है। पिछले वर्ष में सीबीआई के साथ कई संयुक्त अभियान भी चलाये गये हैं। कार्यशाला का उद्देश्य अधिकारियों को जागरूक करना है। प्रथम सत्र में सीबीआई एसपी पीके मांझी ने कहा कि दुर्भावना से ग्रस्त होकर गलत बयानबाजी या शिकायत नहीं करनी चाहिए तथा अफवाहों से बचना चाहिए। उन्होंने पीसी एक्ट के सामने चैलेन्जेज के बारे में विस्तृत जानकारी दी। दूसरे सत्र में उपं महाप्रबंधक पद्धति आईआईसीएम रांची पीसी मिश्रा ने निविदा में सामान्य त्रुटियां तथा उसे दूर करने के उपाय पर विस्तार से प्रकाश डाला। अंतिम सत्र में डा. प्रमोद पाठक ने गवर्नेंश में इश्विक्स और वैल्यू विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में मुख्य सतर्कता अधिकारी ने प्रतिभागियों के साथ इंटरएक्ट किया तथा सतर्कता व अन्य विषयों पर उनके प्रश्न का उत्तर दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ब्लॉक दो के एजीएम पीके दुबे, प्रबंधक कार्मिक वेद प्रकाश, वरीय प्रबंधक कार्मिक सतर्कता एसजेए जाफरी, प्रबंधक कार्मिक सतर्कता एसके ठाकुर, मुख्य प्रबंधक असैनिक सतर्कता वीएम कुमार ने अहम् भूमिका निभायी।

हिन्दुस्तान
धनबाद • गुरुवार •01 नवंबर 2012

समाचार सार
PRESS CLIPPINGS
पृष्ठ संख्या
PAGE NO.

लोदना एरिया के जियलगोरा गेस्ट हाउस में सतर्कता जागरूकता सप्ताह मना

नकारात्मक सोच त्यागें : सीएमडी

जियलगोरा गेस्ट हाउस में बुधवार को सतर्कता जागरूकता सप्ताह समारोह का अद्घाटन करते सीएमडी टीके लाहिड़ी और अन्य ।

जोड़ापोखर | प्रतिनिधि

बीसीसीएल के लोदना क्षेत्र अंतर्गत जियलगोरा गेस्ट हाउस में बुधवार को सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया। जिसमें बीसीसीएल के छह एरिया ने भाग लिया।

मौके पर बीसीसीएल के सीएमडी टीके लाहिड़ी, सीवीओ पीके सिन्हा, डीटी अशोक सरकार, सीबीआई के एसपी पीके माजि, आइआइसीएम रांची के पीसी मिश्रा, आइएसएम के प्रो. प्रमोद पाठक के अलावा छह एरिया के महाप्रबंधक मौजूद थे।सीएमडी श्री लाहिड़ी ने कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी लाइब्रेरी आत्मा होती है। देश मजबूत करने के लिए आत्मचिंतन की जरूरत है। उन्होंने सतर्क रहकर भ्रष्टाचार को खत्म करने और बीसीसीएल को आगे बढ़ाने पर बल दिया। कहा कि अधिकारी नकारात्मक सोच को त्यागें। नकारात्मक सोच से कंपनी और समाज दोनों को नुकसान होता है। सीबाआई एसपी श्री मांझी नेकहा कि अधिकारी बीसीसीएल के संसाधनों में अपने कार्य के दौरान पारदर्शिता लाए। ताकि भ्रष्टाचार को जड़ से मिटाया जा सके। डॉ प्रमोद पाठक ने कहा कि समाज में मानव मूल्यों का पतन हो रहा है। जिसके कारण भ्रष्टाचार बढ़ा है। इसे रोकना होगा। इस मौके आरकेनिगम, वीसी नायक, एसएन गुप्ता, सुनील कुमार, आदि थे।

ताकि हम तक पहुंचे आपकी परेशानियां

• सतर्कता जागरूकता सप्ताह पर कार्यशाला

धनबाद : सतर्कता जागरूकता सप्ताह के मौके पर धनबाद सीबीआइ आमजन के और ज्यादा करीब होने की कोशिश में है। भ्रष्टाचार संबंधी ज्यादा से ज्यादा शिकायत हम तक पहुंचे और उनका निदान हो, इसकी कोशिश की जा रही है।

दैनिक जागरण से बातचीत में सीबीआइ एसपी पीके माजी ने बताया कि 29 अक्टूबर से तीन नवंबर तक इसके लिए सप्ताह मनाया जा रहा है। विभिन्न विभागों में शिविर व सेमिनार के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। अब तक बीसीसीएल के लोदना समेत दो क्षेत्रों में कैंप लग है। बोकारो बीएसएल में भी कैंप लगाया जा चुका है। देवघर में भी स्थायी तौर पर कैंप लगाया गया है। धनबाद के पूजा टॉकीज और फेम में स्लाइड चलाया जा रहा है। देवघर, बोकारो और धनबाद में पोस्टर के माध्यम से भी रिश्वत के खिलाफ खड़ा होने की अपील की जा रही है।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह पर उपस्थित सीएमडी, सीबीआइ एसपी व अन्य अधिकारी

आत्मा दुनिया की सबसे बड़ी लेबोरेट्री : सीएमडी

जामाडोबा: बीसीसीएल की ओर से जियलगोरा गेस्ट हाउस में बुधवार को सतर्कता जागरूकता सप्ताह व कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन मुख्य अतिथि सीबीआइ के एसपी पीके माजी ने किया। विशिष्ट अतिथि बीसीसीएल के सीएमडी टीके लाहिड़ी के अलावा आईआईएसएम रांची के पीसी मिश्रा, आईएसएम के प्रो.प्रमोद पाठक के अलावा बीसीसीएल के छह क्षेत्रों के जीएम थे।

सीबीआइ एसपी ने कहा कि बीसीसीएल के अधिकारी अपने कर्म में पारदर्शिता लाएं। सीएमडी ने कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी लेबोरेटरी आत्मा है। जो आत्म चिंतन नहीं करता है। हमें हर चुनौती का सामना कर देश को उर्जा प्रदान करनेवाली कंपनी बीसीसीएल को आगे बढ़ाना है। प्रो. प्रमोद पाठक ने कहा कि समाज में मानव मूल्यों का पतन हो रहा है। इससे भ्रष्टाचार बढ़ रहा है।

आवाज धनबाद, शुक्रवार, 2 नवम्बर 2012

(27)

बी सी सी एल सतर्कता जागरुकता सप्ताह में निबंध प्रतियोगिता

(कार्यालय संवाददाता)

धनबाद, 1 नवम्बर। भारत कोकिंग कोल लिमिटेड में 29 अक्टूबर से तीन नवम्बर तक मनाया जा रहा सतर्कता जागरुकता सप्ताह के अंतर्गत आज दिल्ली पब्लिक स्कूल धनबाद में कक्षा 9 से 12 तक के छात्र-छात्राओं के लिए निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें धनबाद के 9 (नौ) स्कूलों से आये छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन डी.के. चन्द्राकर महाप्रबंधक (सतर्कता) ने किया। इस अवसर पर दिल्ली पब्लिक स्कूल के प्राचार्य के.बी. भार्गव, उप प्राचार्या श्रीमती इन्द्राणी घोष, श्रीमती सुजाता रंजन आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूली छात्र-छात्राओं में भ्रष्टाचार के दुष्परिणामों के बारे में जागरुक करने एवं बच्चों का चारित्रिक विकास करना था।

निबंध लेखन प्रतियोगिता का विषय था ''भ्रष्टाचार के विरुद्ध युद्ध सभी युद्धों की जननी है''। यह प्रतियोगिता हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनों भाषाओं में आयोजित की गयी थी। हिन्दी निबंध लेखन



प्रतियोगिता में दिल्ली पब्लिक स्कूल धनबाद की रितिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि कार्मेल स्कूल डिगवाडीह की निधि एवं दिल्ली पब्लिक स्कूल की दृष्टि को क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्मेल स्कूल धनबाद की प्रेरणा का प्रदर्शन भी सराहनीय रहा। अंग्रेजी निबंधन लेखन प्रतियोगिता में दिल्ली पब्लिक स्कूल धनबाद की अनुपमा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि दूसरा स्थान कार्मेल स्कूल धनबाद की सुमेहा को प्राप्त हुआ तथा धनबाद पब्लिक स्कूल की रीमा दत्ता एवं कार्मेल स्कूल धनबाद की नेहा साहा संयुक्त रुप से तीसरे स्थान पर रहीं। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडलमें डिनोबिली सी.एम.आर.आई. की श्रीमती मऊ मुखर्जी एवं राजकमल के एस.के. श्रीवास्तव मौजूद थे।

इससे पूर्व कल चित्रांकन एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन कार्मेल स्कूल धनबाद में किया गया था, जिसमें वही 9 (नौ) के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। चित्रांकन प्रतियोगिता में मिस अलका, अदिती, डीएवी कोयला नगर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर दिल्ली पब्लिक स्कूल के पार्था सार्थी मंडल रहे *(शेष पृष्ठ 4 पर)*

बी सी सी एल सतर्कता...

जबकि तृतीय स्थान पर दो बच्चों ने कब्जा जमाया, जिसमें एक कार्मेल स्कूल डिगवाडीह की रानी शेखर एवं दूसरी डिनोबिली सी एम आर आई के कुंदन राय हैं। स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कार्मेल स्कूल धनबाद की शताब्दी रही जबकि डिनोबिली स्कूल डिगवाडीह के वृजिस तरन्नुम एवं कार्मेल स्कूल धनबाद के संजीवनी द्वितीय स्थान पर रहे। तृतीय स्थान पर भी दो बच्चों का कब्जा रहा, जिसमें एक धनबाद पब्लिक स्कूल के ऐश्वर्या प्रसाद एवं दूसरी डीएवी कोयला नगर के रिया कर हैं। निर्णायक मंडल में धनबाद कला क्षेत्र के अग्रणी चित्रकार देवज्योति सरकार, श्रीमती सुपर्णा मित्रा एवं श्रीमती सुदेशना डे शामिल थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में एच.एन. मिश्रा, मुख्य प्रबंधक (असैनिक) सतर्कता, कुमार मनोज, प्रबंधक (कार्मिक) सतर्कता, अंजनी कुमार, वरीय प्रबंधक (खनन) सतर्कता, संजय कुमार, वरीय प्रबंधक (खनन) सतर्कता, एस भट्टाचार्य, वरीय प्रबंधक (वित्त) सतर्कता आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

समाचार सार
PRESS CLIPPINGS

कोयलांचल संवाद, धनबाद, शनिवार 3 नवम्बर 2012

बीसीसीएल के सतर्कता विभाग द्वारा वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

धनबाद। बीसीसीएल में मनाये जा रहे सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत आज डिनोबली स्कूल सी.एम.आर.आई. में वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन सतर्कता विभाग के महाप्रबंधक श्री डी. के. चन्द्राकर ने किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य स्कूली छात्र–छात्राओं में भ्रष्टाचार के दुष्परिणामों के बारे में जागरूकता लाना और चारित्रिक विकास करना था। प्रतियोगिता में धनबाद के 9 स्कूलों के छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। वाद–विवाद प्रतियोगिता का विषय भ्रष्टाचार मुक्त भारत एक काल्पनिक विचार है, दिया गया था। निर्णायक मंडल में श्रीमती महल, श्रीमती चैताली सरकार और श्री संदीप नारंग थे। विषय के पक्ष में डिनोबली स्कूल सी एम आर आई के सौरम सरकार ने प्रथम और डिनोबली स्कूल, एफ आर आई के हर्ष ने द्वितीय स्थान हासिल किया जबकि विपक्ष में डिनोबली स्कूल सीएमआरआई के सुशनाता मंडल– प्रथम, डिनोबली स्कूल, एफ आर आई के सुमित–द्वितीय तथा डीएवी कोयला नगर के श्रेया प्रकाश–तृतीय स्थान पर रहीं। डिनोबली स्कूल सी एम आर आई को प्रतियोगिता का उत्कृष्ट ट्राफी दी गयी। इस अवसर पर डिनोबली स्कूल सी एम आर आई की उप प्राचार्या श्रीमती सुपर्णा चौधरी एवं अन्य उपस्थित थीं।

बिहार ऑबजर्वर, धनबाद 4 नवम्बर, 2012 रविवार

14

बीसीसीएल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह

भ्रष्टाचार विषय पर व्याख्यान माला का आयोजन

धनबाद : केन्द्रीय अन्वेषण व्यूरो धनबाद एवं सतर्कता विभाग भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में डी.ए.भी. स्कूल कोयला नगर में छात्र/छात्राओं के लिए भ्रष्टाचार विषय पर एक व्याख्यान आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य सतर्कता अधिकारी पी.के.सिन्हा एवं पुलिस अधीक्षक, केन्द्रीय अन्वेषण व्यूरो धनबाद के पी.के.मांझी ने छात्र/छात्राओं को संबोधित किया। डी.ए.भी. स्कूल के प्राचार्य के.सी.श्रीवास्तव ने दोनों अतिथियों को पुष्प-गुच्छ देकर हार्दिक स्वागत किया एवं इनके द्वारा भ्रष्टाचार के खिलाफ किये जा रहे प्रयासों के बारे में बताया। इस अवसर पर सतर्कता विभाग के कुमार मनोज एवं स्कूल के शिक्षकगण आदि उपस्थित थे।



पी.के.मांझी ने अपने संबोधन में भ्रष्टाचार निवारण के संबंध में सी.बी.आई. के द्वारा किये जा रहे प्रयासों के बारे में बताया। उन्होंने सी.बी.आई. के कार्यकलापों एवं इसकी संरचना की भी चर्चा की। उन्होंने बच्चों से पूछा कि भ्रष्टाचार मिटाने में सरकार, पब्लिक एवं हमलोग में से कौन अधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है जिसके जवाब में बच्चों ने हमलोग में हामी भरी जिसका समर्थन श्री मांझी ने भी किया। उन्होंने बच्चों के विभिन्न सवालों का जवाब भी दिया। श्री मांझी ने बच्चों के सवालों के जवाब में किशोर कुमार के गीतों का जिक्र किया जिससे बच्चों में हंसी का फौवारा छूट गया। पी.के.सिन्हा, मुख्य सतर्कता अधिकारी ने छात्र/छात्राओं को संबोधित किया एवं भ्रष्टाचार का कारण और देश में भ्रष्टाचार की स्थिति के बारे में बताया उन्होंने बच्चों से कहा कि आपलोग ज्यादा क्षमतावान एवं सामर्थ है और भविष्य में भ्रष्टाचार के विरूद्ध लड़ाई और निपुणता से लड़ेंगे। श्री सिन्हा ने बच्चों के बहुआयामी प्रश्नों के उत्तर दिये। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन आर.के.सिंह ने किया।

इसके पूर्व भारत कोकिंग कोल लिमिटेड में दिनांक 29.10.12 से 02.11.12 तक मनाया जा रहा जागरूकता सप्ताह के अन्तर्गत डी.ए.भी. स्कूल, कोयला नगर धनबाद में निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गयी जिसमें धनबाद के विभिन्न आठ स्कूलों के कक्षा-6 से कक्षा-8 के छात्र/छात्राओं ने भाग लिया। निबंध लेखन प्रतियोगिता का विषय "क्या ईमानदारी की राह पर चलना आज भी सर्वोत्तम नीति है" था। निर्णायक की भूमिका में डी.ए.भी. स्कूल कुसुण्डा के एन.विश्वकर्मा उपस्थित थे। प्रतियोगिता को सफल बनाने में सतर्कता विभाग के बी.एन.कुमार, डी.के.मैतिन, संजय कुमार एवं कुमार मनोज उपस्थित थे। प्रतियोगिता का परिणाम की घोषणा एवं पुरस्कार वितरण बाद में किया जायेगा।